**आकाशवाणी शिमला**

**01.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे**

**जे.पी. नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि जहां देशभर में एक ओर जीएसटी बचत उत्सव की धूम है वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार जनता पर टैक्स का बोझ लाद रही है। नड्डा ने आज एक बयान में इस बात पर हैरानी जताई कि हिमाचल में बनने वाला सीमेंट पड़ौसी राज्यों में सस्ता है जबकि हिमाचल में यही सीमेंट महंगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार राज्य की जनता के हक लूट रही है। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ने झूठी गारंटियों के नाम पर राज्य की आर्थिक स्थिति को बदहाल कर दिया है। उन्होंने प्रदेश की जनता पर करों का बोझ डालने के लिए सरकार की आलोचना की। इस बीच जगत प्रकाश नड्डा आज से प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे बिलासपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री 3 अक्तूबर को बिलासपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

**वृद्धजन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि वृद्धों का ख्याल रखना और उनका सम्मान करना सरकार का दायित्व है और सरकार इसे बखूबी निभा रही है। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के मौके पर शिमला के रिज मैदान पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सामाजिक कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इसके तहत सरकार अनाथ बच्चों, एकल नारी और बुजुर्गों के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के नए मुख्य सचिव की शीघ्र नियुक्ति कर दी जाएगी।

**जीएसटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब लोग जीएसटी सुधारों का लाभ ले सकते हैं जो 22 सितम्बर से लागू हो गए हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को पर्याप्त राहत प्रदान कर रहे हैं। आज हम बात करेंगे हस्तशिल्प वस्तुओं पर जीएसटी कटौती के बारे में.

*नये जीएसटी सुधारो के तहत सरकार ने कारीगरों, व्यापारियों और ग्राहकों पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए हस्तशिल्प क्षेत्र में जीएसटी दर में कटौती की है। चीनी मिट्टी और मिट्टी के बर्तन के अलावा रसोई के सामान जैसे रोजमर्रा की चीजें अब 12 प्रतिशत के बजाय 5 प्रतिशत कर के दायरे में आ गई है जिससे घरेलू खर्च कम होगा और रसोई की जरूरी चीजें सस्ती होंगी। इसी तरह हस्तशिल्प क्षेत्र में मूर्तियां ब्लू पॉटरी सहित सजावटी फ्रेम वाले शीशे पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है जिससे कारीगरों और पारंपरिक शिल्प बाजार को सीधा फायदा होगा। मूर्तियां, फूलदान, पूजा सामग्री और सजावटी सामान जैसे कांच के समान पर भी अब 12 प्रतिशत के बजाय केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा जिससे भारत का हस्त निर्मित कांच का सामान ग्राहकों के लिए और भी सस्ता हो जाएगा. इन श्रेणियां में लागत कम करके यह सुधार न केवल परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करेगा बल्कि भारत की समृद्ध हस्तशिल्प विरासत की मांग को भी मजबूत करेगा।*

**आरट्रैक**

सेना प्रशिक्षण कमान आरट्रैक शिमला ने आज अपना 35वां स्थापना दिवस मनाया। आरट्रैक के जी.ओ.सी.–इन–सी. लैफ्टिनेट जनरल देवेंद्र शर्मा ने आरट्रैक के 18 जवानों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जी.ओ.सी.–इन–सी. प्रशंसा प्रमाण पत्र और तीन प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों को वर्ष के लिए वित्तीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। लैफ्टिनेट जनरल देवेंद्र शर्मा ने इस मौके पर कहा कि देश विकसित भारत की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आरट्रैक देश की सेना को परिवर्तन का दशक और तकनीकी आत्मसात का वर्ष, पहल के अनुरूप कार्य कर रहा है।

———————————